कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 26.12.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
वीर बाल दिवस का आयोजन

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वीर बाल दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया।

प्रभारी प्राध्यापक डॉ. ऋचा ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि वीर बाल दिवस के अवसर पर संगोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन देश की एकता और अखण्डता को मजबूत करता है तथा सर्वधर्म समभाव की भावना जगती है। आज कि दिन वीर सपूतों के बलिदान से नई पीढ़ी को अवगत कराना मूल उद्देश्य है ताकि वे ऐसे भारत के वीरों से प्रेरणा ले सकें और राष्ट्र निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकें।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने गुरू गोविद सिंह जी द्वारा स्थापित खालसा पंथ और उनके पुत्रों द्वारा दिये गये बलिदान पर विस्तार से अपनी बात रखी।

इस अवसर पर छात्राओं की ओर से कु. प्रेक्षा यादव (बी.ए. भाग-2) ने बाबा जोरावर सिंह तथा बाबा फतह सिंह के बलिदान की गाथा बतायी। वहीं कु. आर्या अवस्थी (बी.कॉम. भाग-1) ने ओजपूर्ण कविता के साथ भाषण की शुरूआत की एवं कहा कि धार्मिक राष्ट्रवाद से संप्रभुता स्थापित है और फिर देश के लिये बलिदान की भावना जागृत होती है। नमन है ऐसे भारत के सपूतों को जिन्होनें अपने देश धर्म के लिये प्राणों की आहूती दे दी।

कु. सुषमा एवं कु. वेतिका ने भी वीर बालकों की शहादत पर चर्चा की। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई। कु. मानसी गुप्ता (बी.एससी. भाग-2)कु. कविता (बी. एससी. भाग-1 कम्प्यूटर साईंस) एवं वेतिका के बनाये पोस्टर बेहद सराहनीय रहे। छात्राओं ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारीगण एवं छात्रायें बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन तथा आभार प्रदर्शन आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ. ऋचा ठाकुर ने किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
वीर बाल दिवस का आयोजन